# पिलखा भूमि

ईमेल:—manishvaidy538@gmail.com
PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

वर्ष 02 अंक 14 सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक नवम्बर से दिसम्बर 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5 संपादक - मनीष वैद्य


## मजाक बन गया है स्थानांतरण आदेश PWD विभाग की मनमानी

पिलखा भूमि.सूरजपुर

शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लोक निर्माण विभाग सूरजपुर में तबादला आदेशों का पालन न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। जानकारी के अनुसार विभाग में पदस्थ उपदृअभियंता पंकज सिन्हा का स्थानांतरण शासन द्वारा 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश के माध्यम से जिला जशपुर किया गया था। आदेश जारी हुए चार महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है, जिससे विभाग में नियमों के अनुपालन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

सूत्रों के मुताबिक शासन की ओर से जारी तबादला आदेश स्पष्ट और बाध्यकारी होते हैं, जिनका पालन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग, सूरजपुर में संबंधित अधिकारी को अब तक तमसपमअपदह आदेश जारी नहीं किया गया है। इस देरी से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि जशपुर जिले में भी पद रिक्त रहने के कारण कार्य संचालन पर असर पड़ रहा है।

स्थानीय अधिकारियों ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि कार्यमुक्ति न होने के पीछे आंतरिक स्तर पर फाइल प्रसंस्करण में देरी और उच्च स्तर से अनुमोदन की प्रतीक्षा जैसी वजहें बताई जा रही हैं, लेकिन विभागीय प्रक्रियाओं की सुस्ती पर कर्मचारियों में नाराजगी भी देखी जा रही है। वहीं, जानकारों का कहना है कि शासन के निर्देशों की अनदेखी गंभीर लापरवाही है और संबंधित अधिकारी या विभागीय जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों और कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि शासन के आदेशों का समय पर पालन नहीं होगा तो विभागीय अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और इससे प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर होती है। अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग शासन के निर्देशों का पालन करते हुए उपदृअभियंता पंकज सिन्हा को कब कार्यमुक्त करता है और देरी के कारणों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## कृषि मंत्री नेताम ने डौरा–कोचली खरीदी केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ किया

धान खरीदी से किसानों में उत्साह



पिलखा भूमि.संवाददाता– समृद्ध मंडल

बलरामपुर, 15 नवंबर 2025 कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत डौरा–कोचली धान खरीदी केंद्र पहुँचकर धान खरीदी का शुभारंभ किया। केंद्र में पहुंचने पर मंत्री नेताम का स्थानीय किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्र में पारंपरिक रीति–रिवाजों और पूजा अर्चना कर नई खरीदी सीजन की शुरुआत की गई। शुभारंभ के बाद कृषि मंत्री की उपस्थिति में पहली धान की तुलाई की गई। किसान ने तौल प्रक्रिया देखकर संतोष व्यक्त किया। मंत्री नेताम ने किसान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी मेहनत से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सरकार आपके सहयोग के लिए हर समय तैयार है। सुबह से ही कोचली खरीदी केंद्र में किसानों की आवाजाही लगी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने बताया कि खरीदी शुरू होने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी

कृषि मंत्री ने कहा राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उचित मूल्य उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए टोकन व्यवस्था को और सुद्रीढ़ किया गया है। ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान मंत्री नेताम ने अधिकारियों से खरीदी केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तौल व्यवस्था, भंडारण व्यवस्था, परिवहन सुविधा, टोकन प्रणाली सहित धान खरीदी केन्द्र में व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, तथा यदि समस्या उत्पन्न होती है तो उसका समाधान उसी दिन किया जाए।

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की मानवीय पहल— महाराष्ट्र से सूरजपुर तक मृतक मजदूर के पार्थिव शरीर को लाने की व्यवस्था

पिलखा भूमि. संपादक– मनीष वैध

सूरजपुर,15 नवम्बर 2025 महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने एक बार फिर अपने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। महाराष्ट्र में हुई एक आकस्मिक मृत्यु के बाद मृतक के पार्थिव शरीर को सूरजपुर लाने की व्यवस्था कराई। उनके इस पहल की पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के ओड़गी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत करवां निवासी कैलाश चेरवा उपजिला रुग्णालय, तहसील राजूरा, जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र) में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रहा था। छुट्टी में घर लौटने के दौरान उसकी महाराष्ट्र में ही अचानक मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अत्यंत व्यथित हो गए।



स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्राम सरपंच द्वारा तत्काल कैबिनेट मंत्री राजवाड़े से संपर्क कर सहायता की मांग की गई। निवेदन सुनते ही मंत्री राजवाड़े ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को महाराष्ट्र भेजने की व्यवस्था कराई, जिसके बाद कैलाश चेरवा का पार्थिव शरीर उनके गृहग्राम करवां लाया गया।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ

जिले में 75 दिनों तक चलेगा धान उपार्जन अभियान....पहले दिन 11 उपार्जन केन्द्रों से 531 क्विंटल धान खरीदी



पिलखा भूमि.कोरिया

15 नवम्बर 2025 खरीफ वर्ष 2025–26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ आज पूरे प्रदेश के साथ कोरिया जिले में भी उत्साहपूर्वक हुआ। प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आदिम जाति तथा सहकारी समिति, पटना में पहुंचकर धान खरीदी का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कोरिया कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि, किसान व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिले में यह धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक यानी पूरे 75 दिनों तक चलेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के एक–एक दाने धान को खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। समिति में ग्राम छिंदिया के किसान रामजी साहू 40 क्विंटल धान बेचने पहुंचे थे। मंत्री अग्रवाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सरकार किसानों, ग्रामीणों, आदिवासियों और महिलाओं की समृद्धि के लिए समर्पित है।

जिले के बैकुंठपुर तथा सोनहत विकासखंड के उपार्जन केंद्रों में आज से धान खरीदी विधिवत प्रारंभ हुई। जिले में पहले दिन टोकन ऐप के माध्यम से 13 तथा समिति से एक टोकन जारी हुआ था इस तरह 11 गिरजापुर, जामपारा, झरनापारा, छिंदिया, तरगवां, धौराटिकरा, पटना, पोड़ी, रजौली, सोनहत तथा काटघोड़ी उपार्जन केंदों से 531 क्विंटल धान खरीदी की शुरुआत पहले दिन हो गई। धान खरीदी के शुभारंभ के साथ ही जिले में कृषि गतिविधियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित अम्बिकापुर प्रवास की तैयारियों पर वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने ली संभागस्तरीय समीक्षा बैठक

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्था, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पिलखा भूमि. संपादक– मनीष वैध

सरगुजा 15 नवंबर 2025 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगामी 20 नवंबर को सरगुजा जिला आगमन कार्यक्रम प्रस्तावित है।राष्ट्रपति के प्रवास की तैयारियों के सम्बंध में आज प्रदेश के वित्त मंत्री एवं सरगुजा जिले के प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी ने संभागस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में सरगुजा संभाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, एसपी सहित सम्बंधित अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े।

बैठक में वित्तमंत्री चौधरी ने जिलेवार चर्चा करते हुए स्टॉल निर्माण, आवागमन, पार्किंग सहित अन्य तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल सहित हेलीपैड एवं आवागमन मार्ग में भी सुरक्षा के कड़े इंतेजाम हों। स्वास्थ्य विभाग



की टीम कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। फायरब्रिगेड, एसडीआरएफ की टीम की कार्यक्रम स्थल पर तैनाती करें। उन्होंने कार्यक्रम हेतु मजिस्ट्रियल ड्यूटी के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन–प्रशासन आपसी समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाएं। सभी विभाग अपने दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन करें। बैठक के पश्चात उन्होंने कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने टेंट पंडाल की व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, स्टॉल आवागमन, यातायात, पार्किंग, रूट चार्ट , हेलिपैड, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत, सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के मुख्य आतिथ्य में विधानसभा स्तरीय मितानीन दिवस कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

एम एल ए एजुकेशन कोर परिसर सीतापुर में,, यह पहला अवसर था जब

पिलखा भूमि. संपादक– मनीष वैध

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो जी के मुख्य आतिथ्य में

विधानसभा स्तरीय मितानीन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लाकों की मितानीन बहनों का आगमन हुआ था,,इसके साथ ही इस भव्य कार्यक्रम में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीयजन प्रतिनिधि के साथ आम जनता भारी संख्या में उपस्थित थे,,कार्यक्रम की शुरूआत विधायक जी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया,,कार्यक्रम की शुरूआत सीतापुर ब्लॉक के विकास खंड चिकित्सा अधिकारी शिव पैकरा जी के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ,,इसके साथ ही मितानीन बहनों ने एवं स्कूली बच्चियों ने रंगारंग व प्रेरणा दायक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को काफी रोचक बना दिया,,मितानीन बहनों ने अपने कार्यक्रम में बीमारियों के विषय पर जानकारी देते हुए उसके बचाव के उपाय की जानकारी भी दी,और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के ऊपर

अपने कार्यक्रम के माध्यम से कटाक्ष भी किया,,वहीं स्कूली बच्चियों ने मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नानचाकू





कला का प्रदर्शन कर नारी शक्ति का परिचय भी दिया,,वहीं सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन से सभी मितानीन बहनों का हौसला बढ़ाया,,

वहीं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने सभी मितानीन बहनों को संबोधित करते हुए मंच से कहा कि हम सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हु,हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के विकास की धारा से सीतापुर विधानसभा क्षेत्र का विकास होगा,,

विधायक जी ने विधानसभा क्षेत्र के 163 गांव पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की घोषणा की है ,वही मितानिन बहनों के लिए तीनों ब्लॉक में तीस तीस लाख की लागत है मितानिन भवन बनाने की भी घोषणा की है,

10 वीं,12 वी के बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा है कि इस बार जो बच्चे विधानसभा स्तर पर 10 वीं में प्रथम स्थान लाएगा उसे लैपटॉप दूसरे स्थान पर आने वाले को टेबलेट और तीसरे नंबर वाले को मोबाइल प्रदान करेंगे,,वहीं बारहवीं में प्रथम आने वाले बालक को बाइक या बालिका होगी तो स्कूटी,दुतिया स्थान आने वाले को लैपटॉप और तीसरे स्थान आने वाले को टेबलेट प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया जाएगा,,वहीं सीतापुर विधायक जी ने इस अवसर पर सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु एक नवीन एम्बुलेंस का हरि झंडी दिखा कर उद्घाटन किया,,

इसके उपरांत मितानिन बहनों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण किया ,,

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया बाल संप्रेषण गृहों का व्यापक निरीक्षण

पिलखा भूमि.कोरबा

01 दिसम्बर 2025 छत्तीसगढ़ में बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और अधिकार संरक्षण को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज कोरबा जिले के बाल संप्रेषण गृह (बालक), बाल गृह (बालिका) एवं बाल गृह (बालक) का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा भी उपस्थित थीं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री राजवाड़े और आयोग अध्यक्ष ने बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, उपलब्ध सुविधाओं और देखभाल की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थाओं में स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ करने के निर्देश दिए।

मंत्री राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी आवश्यक रिकॉर्ड, पंजी और शासन के निर्देशों को अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बच्चों से संबंधित सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप संचालित हों।

बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता





देते हुए मंत्री राजवाड़े और अध्यक्षश्रीमती शर्मा ने सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी नियमित मॉनिटिरंग और प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की उचित तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संस्थाओं के प्रवेश–द्वारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को और मजबूत करने पर भी बल दिया गया।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण, पुनर्वास एवं देखभाल से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध और मानक अनुरूप पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अजीत वसन्त और जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज भी उपस्थित रहे।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02_manish 01-12-2025 09:55 Page 2



# प्रधानमंत्री जनमन योजना से पीवीटीजी बसाहटों तक पहुँच रहा विकास का मार्ग

**दूरस्थ वनांचलों में ग्रामीणों को मिला आवागमन का सुगम मार्ग**



**पिलखा भूमि.संवाददाता - समृद्ध मंडल**

बलरामपुर, 12 नवंबर 2025 विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने और उनके जीवन स्तर का बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां की जा रही है। जिसके तहत् सड़क निर्माण कार्यों की दिशा में पहल करते हुए ग्रामीण अंचलो और दूरस्थ वनांचलों में बसे समुदायों तक विकास का रास्ता खोल दिया है।

### योजना के तहत प्रथम चरण में 29 सड़ कें पूर्ण

पीएम-जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी बसाहटों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु वर्ष 2023-24 में सड़क निर्माण कार्य योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के तहत् प्रथम चरण वर्ष 2023-24 में कुल 72 सड़कें, लंबाई 300.05 कि.मी. स्वीकृति प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की कुल 72 सड़कों में से 29 सड़कों में डामरीकृत कार्य लंबाई 84.35 कि.मी. पूर्ण कर लिया गया है। 29 सड़कों के पूर्ण होने से लगभग 05 हजार लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से जिले के विशेष पिछड़ी जनजातीय पहाड़ी कोरवा, पण्डो जैसे समुदाय तक शासन की योजनाएं पहुंचने लगी है। ये वे समुदाय हैं जो वर्षों से जंगलों और पहाड़ों के बीच निवास करते आ रहे थे। जिन तक आवागमन के साधन सीमित थे। जहां बरसात के मौसम में गांव का संपर्क टूट जाता था, सड़कों के माध्यम से अब समुदाय के लोग वर्ष भर निर्बाध आवागमन कर पा रहे हैं। अब इन इलाकों में सड़कें बनने से पीवीटीजी बसाहटों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए बसाहटों से मंडियों, कृषि बाजारों, अन्य किसान संबंधित उद्यमों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों तक पहुंच आसान हुई है।

### मार्च 2026 तक 58 नई सड़ कों को पूर्ण करने का लक्ष्य

पीएम जनमन सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में द्वितीय चरण में 58 नई सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनकी कुल लम्बाई 117.93 कि.मी. है। इन सभी सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन सड़कों के पूर्ण हो जाने से लगभग 13,888 लोग लाभान्वित होंगे। शासन-प्रशासन द्वारा पीवीटीजी बसाहटों में सड़क निर्माण प्राथमिकता से किया जा रहा है, ताकि शासन की अन्य योजनाएं भी इन बसाहटों तक सहज पहुंच सकेगी। सड़कों के पूर्ण हो जाने पर जिले लगभग सभी पीव्हीटीजी बसाहटें मुख्य सड़क नेटवर्क से जुड़ जाएंगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।

# जमीन कब्जा दिलाने सरगुजा आये हरियाणा गैंग के 03 आरोपी गिरफ्तार

**पिलखा भूमि.** संपादक- मनीष वैध

प्रार्थी सददाम खान साकिन मोमीनपुरा थाना कोतवाली अम्बिकापुर द्वारा दिनांक 22-11-25 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22-11-25 को प्रार्थी को साहिल फोन कर बुलाया कि कांतिप्रकाशपुर लुचकी घाट के पास चलो जहा पटवारी आर आई के समक्ष जमीन की नपाई चल रहा है वहा विवाद हो गया है तब प्रार्थी कातिप्रकाशपुर गया तो देखा कि वहां पास काफी भीड भाड था, एवं मोहम्मद साहिल, अताउल व अन्य साथी लोगो का दूसरे पक्ष के फैजान, सरोज अहमद, नुमान, एवं अन्य लोगो से लडाई झगडा हो रहा था, जो दूसरे पक्ष के लोग बोल रहे थे कि हम लोगों की जमीन पर कैसे नापाई व समतलीकरण कर रहे हो फिर मौके पर फैजान अंसारी हरियाणा के कुछ गुण्डे किस्म के युवकों को फोन करके जमीन को खाली करके कब्जा दिलाने बुलाये जो बेलोनो कार क्रमांक **T1125HR5651DB** से कुछ व्यक्ति धारदार हथियार, डण्डा एवं रॉड हाथ में रखकर कार से उतरे और प्रार्थी एवं अन्य लागों को गाली गलौज देकर बोलने लगे कि हमें नही पहचानते हो कहकर धारदार हथियार व डण्डा राड से प्रार्थी, आमिर खान, मोहम्मद साहिद खान को मारपीट करते हुए धमकी दिए कि दुबारा इस जमीन में आओगे तो जेसीबी से गढढा खोदकर दफना देगें, इस दौरान मोहम्मद साहिद का लडाई झगडा के समय कही पर मोबाईल गिर गया है और उर्स उस्मान अपने मोबाईल से विडियो रिकार्डिग कर रहा था जिसे के नुमान और फैसान दोनों मिलकर पटक दिए है जिससे मोबाईल टुटकर क्षतिगस्त हो गया है, हरियाणा वाले गुण्डे किस्म के व्यक्ति मौके पर चापरनुमा हथियार व राड, डण्डा लिये थे तथा साहिल को जान से मारने की फिराक मे थे, मौके पर भीड भाड़ होता




देख हरियाणा वाले गुण्डे लोग वहां से भागने लगे, भागते समय एक युवक उनकी मदद करके अपनी कार में बैठाकर भगाकर ले गया है, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 884-25 धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 191(3) बी. एन. एस. एवं 25-27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।


मामले को संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा थाना कोतवाली पुलिस टीम को मामले मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों के विरुद्ध ससख्ती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए, इसी क्रम मे थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा विवेचना दौरान प्रार्थी व गवाहों का कथन लेख कर, घटना स्थल निरीक्षण कर मामले के आरोपीगण (01) सागर उर्फ पहलवान पिता रमजानीक उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम इसराना थाना तह० इसराना जिला पानीपत हरियाणा, (02) अमित कुमार पिता करमवीर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खेडीसाथ तह० सापला थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक हरियाणा (03)विजय लोहार सत्यपाल लोहार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम किलोई तह०थाना रोहतक जिला रोहतक हरियाणा को घटना स्थल से भागते समय पकड कर ले आई। आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना सीतापुर के अपराध क्र. 371-2024 धारा 309 (4), 310 (2) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट एवं थाना गांधीनगर के अप.क्र. 12-2024 धारा 308 (5) बीएनएस अंतर्गत चालान हो चुके हैं, दिगर राज्य से हैं। संगठित होकर अम्बिकापुर व आसपास लगातार संगठित अपराध कर रहे हैं। जिससे प्रकरण में धारा 111 (2) (ख) बीएनएस जोडकर प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बांस का डण्डा, स्टील का रॉड, एक लोहे का चापर एवं पूर्णतः क्षतिग्रस्त बलेनो कार को आरोपियों से जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपीगणों के विरूद्ध सदर धारा का अपराध सबूत पाये जाने पर प्रकरण मे आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक अमरेश सिंह, संजीव चौबे सक्रिय रहे।

# महतारी वंदन योजना बनी सहारा— 70 वर्षीय वैशाखी कोडाकू को मिल रहा सम्मानजनक जीवन

**पिलखा भूमि.** संपादक- मनीष वैध

बलरामपुर, 12 नवंबर 2025 छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बलरामपुर जिले के ग्राम जतरो की 70 वर्षीय वैशाखी कोडाकू को इस योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रुपये की सहायता राशि ने उनके जीवन में संबल और आत्मनिर्भरता का संचार किया है।



पहले वैशाखी कोडाकू को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों से उधार लेना पड़ता था, लेकिन अब नियमित आर्थिक सहायता मिलने से घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति सहज रूप से हो रही है। वह इस राशि का उपयोग फल-सब्जी खरीदने, छोटे घरेलू खर्चों और अन्य जरूरतों में कर पा रही हैं।

उन्होंने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण काम-धंधा करना कठिन हो गया है। सीमित क्षमता में वह घरेलू काम कर लेती हैं, लेकिन महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि ने उन्हें आर्थिक रूप से राहत प्रदान की है।

कोडाकू कहती हैं कि महतारी वंदन योजना हमारे जैसी वृद्ध महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। हर माह राशि समय पर मिल जाती है, जिससे किसी पर आश्रित होने की आवश्यकता नहीं पड़ती।योजना से प्राप्त लाभ के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू महतारी वंदन योजना से हजारों लाभार्थी महिलाएँ सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने निगम की बड़ी पहल — ऋण वसूली अभियान व कौशल विकास कार्यक्रम को मिलेगी रफ्तार

**पिलखा भूमि.**रायपुर

12 नवम्बर 2025 छत्तीसगढ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावडयिा ने संचालक मंडल बैठक में दिव्यांगजनों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक में निगम द्वारा दिव्यांगजनों को दिए गए ऋण की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन द्वारा निगम को 24.50 करोड रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है, जिसे राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली को समय सीमा में वापस किया जाएगा।

दिव्यांगजनों के कौशल विकास और उद्यमिता को बढावा देने हेतु आत्मनिर्भर दिव्यांगजन संस्था को दुकान आवंटन और परियोजना स्वीकृति के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे।इसके साथ ही 19 से 23 दिसंबर 2025 तक राज्य स्तरीय कौशल महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 1100 से अधिक दिव्यांगजन शामिल होंगे। दिव्यांगजनों के प्रकरणों



को आधार से लिंक करने हेतु न्प्क।प् के सहयोग से अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे अधिकतम लाभार्थी शासकीय योजनाओं से जुड सकेंगे।

बैठक में निगम के सदस्य प्रदीप टंडन , सुरेश कांकरिया , जानकी गुप्ता, आरती त्रिवेदी , प्रमोद जैन , कम्पनी सेक्रेटरी की टीम, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# महिला श्रमिकों की मुस्कान बनी मिनीमाता महतारी जतन योजना

**ठाकुरबांधा की ललिता चंद्रवंशी को मातृत्व लाभ के रूप में मिले 20 हजार रुपए**

**शासन से महिला श्रमिकों को मातृत्व के दौरान मिल रहा आर्थिक सहयोग और सुरक्षा**

**पिलखा भूमि.** अम्बागढ़ चौकी

12 नवंबर 2025 श्रमिक हमारे समाज की वह मजबूत नींव हैं, जिन पर विकास की इमारत खड़ी होती है। यही कारण हैं कि शासन द्वारा श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक हैं मिनीमाता महतारी जतन योजना, जिसने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले की महिला श्रमिकों के जीवन में खुशियों के रंग भर दिए हैं।



अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम ठाकुरबांधा निवासी ललिता चंद्रवंशी श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिक हैं। हाल ही में उन्हें इस योजना के तहत उन्हें 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि महिला श्रमिकों को मातृत्व अवधि के दौरान आर्थिक सहयोग और सुरक्षा देने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत मंडल में कम से कम एक वर्ष से पंजीकृत महिला श्रमिक को बच्चे के जन्म के 90 दिनों के भीतर आवेदन करने पर यह लाभ प्राप्त होता है। ललिता चंद्रवंशी ने बताया कि इस राशि से उन्हें नवजात की देखभाल और आवश्यक खर्चों में काफी सहूलियत मिली है।

श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य सतत् रूप से पंजीयन शिवरों के माध्यम से किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य श्रमिक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उनके जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाना है।


## सनातन ऑनलाइन सेंटर एवं लोक सेवा केंद्र

पेन कार्ड | PF निकाले जाते है | फोटो कापी | वाहन नाम ट्रांसफर | पासपोर्ट फोटो | HSRP Humber पंलेट | लेमिनेशन | वाहन बीमा | मनी ट्रांसफर | Driving Licence

CSC e-Governance Services India Limited | Digital India Power To Empower

रोजगार पंजीयन | टिकट बुकिंग | पासपोर्ट रजिस्ट्रेशन | बिजली बिल | आयुष्मान कार्ड

7024322506
8305216220

हमारे यहां ऑनलाइन से जुड़ी सभी कार्य किये जाते है

पता- संजयनगर, महावीरपुर, सूरजपुर 497001


# सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पर्यटन मंत्री के प्रति जताया श्रद्धालुओं ने आभार**

**पिलखा भूमि.** संपादक- मनीष वैध

आस्था, उल्लास और उत्साह के वातावरण में सरगुजा संभाग के 850 तीर्थयात्री आज श्री रामलला दर्शनयोजना के तहत अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही विशेष ट्रेन रवाना होने को तैयार हुई, स्टेशन परिसर "जय श्री राम" के नारों से गूंज उठा। हर चेहरे पर अपार खुशी और समर्पण झलक रहा था।

विशेष ट्रेन को लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

### श्रद्धालुओं में उमंग का वातावरण

सुबह से ही स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल थी। किसी के हाथ में फूलों की माला थी, तो कोई प्रस्थान से पूर्व प्रार्थना में लीन दिखाई दिया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुंदर गीत गाते हुए मंच की ओर बढ़ रही थीं। रेलवे के अधिकारी, समाज कल्याण विभाग और पर्यटन बोर्ड की टीम यात्रियों की सहायता में तत्पर थी। उप संचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी व्ही. के. उके ने बताया कि अम्बिकापुर जिले से कुल 170 तीर्थयात्री शामिल हुए हैं। यात्रा की सुरक्षा, भोजन, आवास और चिकित्सा सुविधा की पूर्ण व्यवस्था की गई है। यह विशेष ट्रेन 15 नवम्बर को वापस अम्बिकापुर लौटेगी।

जशपुर जिले के फरसाबहार निवासी दिनेश गुप्ता ने कहा, "हमने कभी नहीं सोचा था कि हमें अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और पर्यटन मंत्री का आभार, जिन्होंने इतना सुंदर अवसर दिया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास और सुरक्षा की व्यवस्था अद्भुत है।"

कुनकुरी की संगीता सिंह ने भावुक होकर कहा, "जीवन का यह सबसे सुंदर क्षण है। सरकार ने वृद्ध और साधारण नागरिकों के लिए जो सोचा, वह सराहनीय है। हमें यात्रा में






सम्मान और प्रेम का सानिध्य मिला है।"

बलरामपुर निवासी सुभाषचन्द्र जायसवाल ने कहा, "मुख्यमंत्री की पहल से हमारा वर्षों पुराना सपना पूरा हो गया। हम अपने परिवार की ओर से मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को हृदय से धन्यवाद देते हैं।"

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक भावना को सशक्त करती है बल्कि शासन की संवेदनशीलता और लोकसेवा की भावना का सजीव उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। इस योजना ने दूरस्थ अंचलों तक विश्वास और आस्था का सेतु स्थापित किया है। सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर के कुल 850 श्रद्धालु इस यात्रा में सम्मिलित हुए हैं। स्टेशन से ट्रेन रवाना होते ही हाथ हिलाते यात्रियों की मुस्कान ने सबका हृदय छू लिया।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02_manish 01-12-2025 09:55 Page 3



## बाल दिवस पर स्वामी आत्मानन्द विद्यालय में हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन



**पिलखा भूमि.बिश्रामपुर**

स्वामी आत्मानन्द विद्यालय, बिश्रामपुर में बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को विविध कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया गया। इस विशेष दिवस पर विद्यालय परिसर बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से जीवंत हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत गीत से की गई, जिसके बाद शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बाल दिवस का महत्व समझाया गया।

विद्यालय के बच्चों ने कविता, गीत, नृत्य और खेलकूद सहित कई गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षकों ने भी विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी मनोरंजक बन गया। आयोजन के दौरान बच्चों को विशेष प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिन्हें उन्होंने बेहद आनंद के साथ ग्रहण किया।

प्रिंसिपल सुचित्रा खलखो,याश्मिन खान, ललिता,अनिल पटेल, प्रभारी अर्चना नायक सहित सभी शिक्षकगण ने आयोजन में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए बच्चों को प्रेरणादायक संदेश दिए। उन्होंने कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा और उत्साह को सम्मान देने का अवसर है। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। पूरे दिन विद्यालय में उत्साह, आनंद और उमंग का माहौल बना रहा।

## सूरजपुर पुलिस ने गाया वंदे मातरम। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्र सेवा का संकल्प।






**पिलखा भूमि.सूरजपुर**

पुलिस लाईन में शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया और राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा पुलिस का पहला धर्म है। उन्होंने देश, संविधान और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति समर्पण की भावना को हृदय में जीवित रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। पुलिस बल में सामूहिक अनुशासन और राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देने वाली एक प्रेरक पहल है।

पुलिस लाईन देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा, जिससे उपस्थित सभी में ऊर्जा और गौरव की भावना भर गई। पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में वंदे मातरम गाकर देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अजाक पी.डी. कुजूर, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिले के थाना–चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना–चौकी के पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

## भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में 15 नवंबर को होगा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**पिलखा भूमि.रायपुर**



14 नवंबर 2025 भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनायी जाएगी। इस अवसर पर जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यू–ट्यूब चौनल एवं डीडी न्यूज के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री का संदेश पत्र वाचन होगा तथा "पीएम जनमन", "आदि कर्मयोगी", "धरती आबा" जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी।

राज्य शासन द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बस्तर के जिला मुख्यालय जगदल. पुर में जनजातीय गौरव दिवस का गरिमामय आयोजन होगा। इस मौके पर वनमंत्री केदार कश्यप और विधायक किरण सिंह देव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

दुर्ग जिले में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, रायपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखनलाल साहू और राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर में कृषि मंत्री राम. विचार नेताम, बेमेतरा में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कोरबा में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, रायगढ़ में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सरगुजा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, जांजगीर–चांपा में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, महासमुंद में कौशल विकास तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, कांकेर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, कोरिया में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे।

इसी तरह बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सूर. जपुर में सांसद चिंतामणि महाराज, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई में सांसद विजय बघेल, कबीरधाम में सांसद श्री संतोष पाण्डेय, बालोद में सांसद भोजराज नाग, गरियाबंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ती में सांसद कमलेश जांगड़े, बीजापुर में सांसद महेश कश्यप, सारंगढ़–बिलाईगढ़ में राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह मोहला–मानपुर चौकी में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोण्डागांव में विधायक सुश्री लता उसेण्डी, मुंगेली में विधायक पुन्नूलाल मोहले, नारायणपुर में विधायक विक्रम उसेंण्डी, सुकमा में विधायक नीलकंठ टेकाम, दंतेवाड़ा में विधायक चौतराम अटामी और गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि होंगे।

जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परि. जनों, जनजातीय समुदाय के प्रमुखों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम भी जिला स्तरीय समारोह का प्रमुख आकर्षण होंगे। स्कूलों, आश्रम शालाओं और आवासीय विद्यालयों में भी इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## ट्रायबल यूथ हॉस्टल, नई दिल्ली के दो छात्र यूपीएससी 2025 के साक्षात्कार हेतु चयनित

अब तक कुल 164 अभ्यर्थी हुए हैं विभिन्न पदों पर चयनित

**पिलखा भूमि.रायपुर**

14 नवम्बर 2025 संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत द्वारका, नई दिल्ली में संचालित ट्रायबल यूथ हॉस्टल के दो छात्र साक्षात्कार हेतु चयनित हुए हैं। दोनों ही छात्र सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। इन्होंने ट्रायबल यूथ हॉस्टल में रहकर वहां के अनुशासन एवं वहां प्रदाय की जा रही सुविधाओं का उपयोग करते हुए कड़ी मेहनत एवं लगन द्वारा यह सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रमुख सचिव सा. `नमणि बोरा एवं आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सामान्य पृष्ठभूमि से हैं दोनों ही छात्र



Prakash patel



HARVINDER SINGH
27-01-2025

सफल छात्रों में मुंगेली जिले के हर. वि ं द र सिंह सामान्य कृषक पृष्ठभूमि से हैं। पिता का मुख्य व्यवसाय कृषि है। विषम परिस्थितियों के बावजूद हर. विंदर ने कड़ी मेहनत और लगन से एनआईटी, रायपुर से इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की। उसके बाद आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग द्वारा संचालित राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत ट्रायबल यूथ हॉस्टल, नई दिल्ली में प्रवेश प्राप्त कर वर्तमान में अध्ययन कर रहे हैं।

इसी प्रकार बरमकेला, रायगढ़ जिले के प्रकाश पटेल भी सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। इनके पिता रायगढ़ में शासकीय विभाग में सहायक ग्रेड–3 के पद पर पदस्थ हैं। प्रकाश पटेल आईआईटी, रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात ट्राइबल यूथ हॉस्टल में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

विदित हो कि राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत दिल्ली में संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु दिल्ली स्थित इम्पैनल्ड कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश दिलाकर प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। छात्रों को कोचिंग हेतु 2 लाख (अंग्रेजी माध्यम) एवं 1.5 लाख (हिंदी माध्यम) की सहायता की जाती है। दिल्ली में रहने हेतु हॉस्टल सुविधा एवं प्रति माह 12000 रुपये की राशि स्टाइपेंड के रूप में दिया जाता है।

### ट्रायबल यूथ हॉस्टल, नई दिल्ली वर्तमान में कुल 200 सीट स्वीकृत हैं

उक्त योजना वर्ष 2013–14 से संचा. लित है। पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु कुल 50 सीट एवं ड्रॉपर–रिपीटर बैच अंतर्गत 15 अन्य सीट स्वीकृत थीं। वर्ष 2024–25 में युवाओं को परीक्षा की तैयारी हेतु अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से अतिरिक्त 135 सीटों की वृद्धि करने से वर्तमान में कुल 200 सीट स्वीकृत हैं। वर्ष 2025–26 में कुल 165 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अब तक इस योजना के माध्यम से 04 आई.आर.एस. (**UPSC**) 05 सहायक कमाण्डेंट (**UPSC**) 13 डिप्टी कले. क्टर, 12 उप पुलिस अधीक्षक, 19 नायब तहसीलदार एवं 111 अन्य पदों (एसीएफ, सीईओ, लेखाधिकारी, फारेस्ट रेंजर, एसएएसओ) पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इस प्रकार अब तक कुल 164 अभ्यर्थी विभिन्न पदों पर चयनित होकर कार्यरत हैं।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पिलखा भूमि.सीतापुर**



दिनांक 25 09 25 को थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि थाना सीतापुर बालमपुर निवासी हीरालाल प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है, और अब शादी करने से इंकार कर रहा है, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे अपराध क्रमांक 386–25 धारा 64(2)(एम) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लेखबद्ध कर मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी हीरालाल को हिरासत में लेकर पुछ. ताछ करने पर अपना नाम हीरालाल गिरी आत्मज मस्त राम गिरी उम्र 39 वर्ष साकिन बालमपुर थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक सी.आर.चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक रामकरण राजवाड़े, महिला आरक्षक अनामिका बड़ा, आरक्षक महेन्द्र नाग, निर्मल कुर्रे सक्रिय रहे।

## मरईगुडा वन में प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ने टाल दी बडी घटना

फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा, कुशल प्रशासनिक समन्वय की ग्रामीणों ने की सराहना

**पिलखा भूमि.सुकमा**



14 नवम्बर 2025 कोंटा विकासखंड के मरईगुड़ा वन गांव में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों के बीच सिलेंडर फटने की आशंका से पूरे गांव में अफरा–तफरी मच गई। हालांकि, सुकमा जिला प्रशासन की तत्परता, संवे. दनशीलता और कुशल समन्वय ने न केवल स्थिति को नियंत्रित किया, बल्कि एक बड़ी जान–माल की हानि को भी टाल दिया।

### कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई कार्रवाई

जैसे ही जिला प्रशासन को इस गंभीर घटना की सूचना मिली, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने तत्काल अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश दिया। एसडीएम श्री सुभाष शुक्ला के मार्गदर्शन में, आपदा प्रबंधन तंत्र ने तुरंत पड़ोसी राज्य तेलंगाना के भद्राचलम से फायर ब्रिगेड को मदद के लिए बुलाने का निर्णय लिया। यह त्वरित और सीमा–पार समन्वय ही आपदा को नियंत्रित करने में निर्णायक साबित हुआ।

### तहसीलदार ने संभाला मोर्चा

मौके पर तहसीलदार कोंटा गिरीश निंबालकर स्वयं पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। फायर ब्रिगेड के समय पर पहुंचने और ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से आग की लपटों पर जल्द ही पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### राहत कायर्रू मानवीयता का परिचय

भीषण आग और सिलेंडर विस्फोट की आशंका के बावजूद, कोई जनहानि नहीं हुई, जिसे प्रशासन ने सबसे बड़ी राहत बताया है। जिला प्रशासन ने मानवीय दृ ष्टिकोण अपनाते हुए प्रभावित तीनों परिवारों को तत्काल सहायता पहुँचाई।

### तत्काल आर्थिक सहायता

प्रत्येक प्रभावित परिवार को जिला प्रशासन के द्वारा 10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई। मौके पर ही खाद्यान्न और अन्य आवश्यक राहत सामग्री तुरंत वितरित की गई। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### आगे की कार्यवाही

प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सरक. ारी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मौके पर ही पंचनामा तैयार कर लिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द पूर्ण और स्थायी राहत मिल सके।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छात्रों को दुष्प्रभावों की दी गई विस्तृत जानकारी

**पिलखा भूमि.संवाददाता– समृद्ध मंडल**

बलरामपुर 14 नवम्बर 2025 तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तंबाकू उत्पादों के प्रकार तथा शरीर पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन केवल कैंसर का प्रमुख कारण ही नहीं है, बल्कि हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की कार्य क्षमता में प्रभाव, दांतों और मसूड़ों की बीमारियों सहित अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी उत्पन्न करता है, जिसके दुष्परिणाम भयावह होता है।

जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्वयं किसी प्रकार का तंबाकू, धूम्रपान नहीं करने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर छात्रों को स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और सकारात्मक आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## अच्छी बारिश और बढ़े समर्थन मूल्य से खिले किसानों के चेहरे

**पिलखा भूमि. कोरबा**

14 नवम्बर 2025 पहाड़ी इलाके में कठिन परिश्रम कर खेत जोतने और धान बोने वाले कोरबा जिले के ग्राम पत. रापाली के किसान राजाराम को अब राहत है कि इस साल बारिश ने उनका साथ दिया। राजाराम राठिया के चेहरे पर इन दिनों खुशी झलक रही है। कुछ महीने पहले तक जो चेहरे चिंता की लकीरों से भरे थे, अब वही चेहरे मेहनत की फसल देखकर खिल उठे हैं। राजाराम बताते हैं कि जून–जुलाई के महीनों में विप. रीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बीज बोए थे, लेकिन मन में यह डर भी था कि कहीं बारिश धोखा न दे। ।

किसान राजाराम राठिया कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल कर देना हम किसानों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी का निर्णय किसानों को आर्थिक संबल देगा। लगभग 20 एकड़ में फसल लेने वाले रा. जाराम ने बताया कि कटाई का काम अंतिम चरण में है और जल्द ही वे अपनी उपज कोरक. ोमा धान उपार्जन केंद्र में बेचेंगे। उनका पंजीयन भी पूरा हो चुका है।

राजाराम की पत्नी जानकी बाई राठिया कहती हैं कि हम सबने मिलकर धान बोया था, आज उसे पकते और लहलहाते देखना बहुत सुखद है। पहले कई बार बारिश की कमी से फसल खेतों में ही सूख जाती थी, पर इस बार मौसम ने साथ दिया और मेहनत सफल हुई।

पतरापाली क्षेत्र के किसानों के लिए यह मौसम उम्मीदों और खुशियों का संगम लेकर आया है। खेतों में झूमती फसलें, खलिहानों में पहुंचते धान के ढेर और किसानों के चेहरों पर मुस्कान यह सब मिलकर एक नई कहानी कह रहे हैं कि जब मेहनत और मौसम दोनों साथ हों, तो किसानी सचमुच खुशहाली का पर्याय बन जाती है।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02_manish 01-12-2025 09:56 Page 4



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूनिटी मार्च के लिए राज्य के 68 युवाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सरदार पटेल की कर्मभूमि करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवडयिा तक पदयात्रा में शामिल होंगे युवा**




पिलखा भूमि.रायपुर

23 नवम्बर 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पदयात्रा में शामिल होने के लिए गुजरात जाने वाले राज्य के 68 युवाओं के दल को आज रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये युवा सरदार पटेल की कर्मभूमि करमसद से केवड़यिा तक आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा में हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों और ब्रिटिश शासन के अधीन क्षेत्रों को एकजुट कर अखंड भारत की नींव रखी। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, अटल संकल्प और अथक परिश्रम ने भारत को एक सूत्र में पिरोया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विगत दिनों वे गुजरात के केवड़यिा में आयोजित भारत पर्व में सम्मिलित हुए थे, जहाँ उन्होंने विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमाकृस्टैच्यू ऑफ यूनिटीकृके दर्शन किए और भारत की सांस्कृतिक एकता की जीवंत झलक देखी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, विविधता और व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 26 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ देशभर के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और भौगोलिक एकता के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने रियासतों के विलय का ऐतिहासिक कार्य किया जो भारत की एकता और अखंडता का आधार बना। उन्होंने चयनित युवाओं को राष्ट्रीय पदयात्रा के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव ने युवाओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पदयात्रा में शामिल होने के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, जी. वेंकट राव, श्याम नारंग, राहुल टिकरिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मन की बात हर महीने होने वाले कार्यक्रम का सरगुजा जिले के 16 मण्डल में संयोजक, सह-संयोजक बनाए गए




पिलखा भूमि.सरगुजा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी के मार्गदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया जी के सहमति से मन की बात जिला संयोजक जन्मेजय मिश्रा ने मण्डलों के संयोजक, सह–संयोजक की घोषणा की। जिसमें क्रमशः महामाया मण्डल संयोजक रवि विश्वकर्मा, सह–संयोजक रंजीत चौबे,डॉ पुष्पेंद्र शर्मा, समलाया मण्डल मनीष वारी, सत्यम साहू, अम्बिकापुर ग्रामीण पन्ना लाल राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, लखनपुर राहुल अग्रवाल, शिवराज सिंह चौहान, रामगढ़ रमेश यादव, ओमकार सिंह, देवगढ़ लवकेश रा. जवाड़े, प्रमोद जायसवाल, कुन्नी अजय सोनी, सुरेश कुमार, दरिमा मोती दास, शशी शेखर सिंह, रामप्रसाद कुशवाहा, नवानगर सुमार दास, बुद्धि यादव, मैनपाट मोहित नामदेव, रामकृपाल यादव, सीतापुर विन्धेश्वरी लाल पैकरा, संतोषी पावले, रा. जापुर सत्यनारायण कश्यप, राजाराम यादव, बतौली अनिमेश अग्रवाल, विवेक गोयल, लुण्ड्रा राजीव कश्यप, अमृत लाल यादव, धौरपुर ब्रम्हदेव गुप्ता, सतीश सारथी, परसा सुनील यादव, किसन केसरी ।

नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात हर महीने ऑल इंडिया रेडियो पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं। जिसकी शुरूआत 03 अक्टूबर 2014 से अधिकारिक रूप से हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधान मंत्री जी के विचारों को देश की जनमानस तक पहुंचाना और जो देश की सेवा समाज सुधार का कार्यक्रम अलग–अलग समूहों या व्यगतिगत सराहनी कार्य जो भी प्रेरणादायी हों उन्हें संवाद के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने का एक माध्यम है, चूंकि भारत में अभी भी हर जगह खासकर अलग–थलग ग्रामीण और कम विकसित क्षेत्रों में टेलीविजन कने. क्शन उपलब्ध नहीं है। इसलिए इसके व्यापक पहुंच के कारण रेडियो को इस कार्यक्रम का माध्यम चुना गया है। एक अनुमान है की देश की आबादी के 90 प्रतिशत लोग इस माध्यम से जुड़े हुए हैं। सरग. ुजा जिले में जन–जन तक प्रधानमंत्री जी के मन की बात पहुंचे तथा 128 वा एपिसोड 30–11–2025 को इस माह मन की बात कार्यक्रम 11:00 बजे शुरू होगी। जिन किसी महानुभवों को अपने सुझाव–विचार देना चाहते हैं वो टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं।

# सूरजपुर पुलिस के नए कानूनों की प्रदर्शनी में जिलवासियों को मिल रही है नए कानूनों की जानकारी



पिलखा भूमि. संपादक– मनीष वैध

सूरजपुर। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी में प्रतिदिन काफी संख्या में आमजनता, व्यापारी वर्ग, अधिवक्ता व स्कूली बच्चों का आना–जाना लगा हुआ है। सभी नए कानूनों को करीब से देख और समझ कर अपना ज्ञान बढ़ा रहे है। सोमवार, 01 दिसम्बर 2025 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने प्रदर्शनी का जायजा लेते हुए तैनात पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में आमजनता, स्कूली बच्चों को सूक्ष्मता से जानकारी देते हुए उनके जिज्ञासाओं का समाधान करने के निर्देश दिए। सूरजपुर पुलिस के नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी के बारे में जिलेवासियों के द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दी गई।

संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 और अरूणोदय की शिक्षिका संगीता सोनी ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी लगाई गई है वह सराहनीय है और प्रदर्शनी देखकर बहुत कुछ सीखने को मिला, नई जानकारी से शुरूवात होती है चीजों को जानने, समझने का, तीन नए कानूनों की धाराओं को बड़ी ही प्रमुखता से बताया गया है। जिलेवासियों के लिए नए कानूनों को जानने का अच्छा अवसर मिला है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि नए कानून की बारीकियों को जानने, अपने अधिकारों के प्रति समझ बढाने के लिए इस प्रदर्शनी में जरूर आए।

नगर के व्यापारी विकास अग्रवाल ने बताया कि यह प्रदर्शनी समाज को नए कानूनों की जानकारी देने, सजग रखने की दृष्टि से अच्छी पहल है। नए कानून में अच्छी बात यह है कि अब डिजिटल साक्ष्यों को मान्यता दी गई है, ई–समंस का प्रावधान है जिससे न्यायालय, पुलिस और हमारा समय बचेगा, कार्यवाही में तेजी आएगी। इस प्रदर्शनी के माध्यम से समाज को सजग और मजबूत करने पुलिस की अभिनव पहल है इससे अपराध को रोकने और लोगों को सजग करने में मदद मिलेगी।

साधुराम विद्यामंदिर के उप प्रचार्य दीन दयाल तिवारी ने कहा कि पुलिस विभाग के नए कानूनों की प्रदर्शनी लोगों को कानूनों को करीब से जानने में मददगार साबित हा. ेगी। इसी उद्धेश्य से विद्यालय के बच्चों को यहां भ्रमण कराया है। पुलिस अधिकारियों के द्वारा बच्चों को नए कानूनों से अवगत कराया गया है। यह प्रदर्शनी नगर वासियों के लाभप्रद साबित होगा।

आटो चालक इमरान ने बताया कि नए कानूनों की प्रदर्शनी को देखकर नए कानून में हुए बदलाव को जानने और समझने की इच्छा हुई। इस प्रदर्शनी में नए कानून के पहलुओं को अच्छे से समझ पाया। यहां विस. तार से कानून की धाराओं और प्रावधानों को बताया गया है इस जानकारी को मैं अपने परिवार और अन्य आटो चालकों को भी इन नए कानून की जानकारी से अवगत कराउंगा।

संयुक्त जिला कार्यालय के सहायक ग्रेड 2 अभिनव दुबे ने कहा कि इस प्रदर्शनी में नए तीनों कानूनों के बारे में बडे ही विस. तार से जानकारी बताई गई है। यहां नए कानूनों के साथ ही महिला सुरक्षा, पुलिस सहायता के लिए बने एप, आपात कालीन पुलिस सेवाओं के नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई है। यह जानकारी जिलेवासियों, स्कूली बच्चों के लिए अत्यन्त लाभकारी एवं उपयोगी है।टैक्सी चालक अशोक जायसवाल ने बताया कि प्रदर्शनी में नए कानून को अच्छे से समझा जाना और हमें किस प्रकार सावधानी पूर्वक वाहन चलाना है, वाहन चलाते समय किन बातों का ध्यान रखना है, एक्सीडेंट की क्या–क्या धाराएं है, पुलिस धाराओं पर कैसे कार्यवाही करती है उसकी जानकारी मिली है।

नून की जानकारी से दूर है उनके लिए नए कानूनों के प्रावधानों को जानने के लिए पुलिस की अच्छी पहल है। इस आयोजन से व्यापारीगण, आमजनता नए कानूनों के प्रति काफी जागरूक हुई है। समाजसेवी रामि. बलास मित्तल ने कहा कि पुलिए के नए आ. पराधिक कानूनों की प्रदर्शनी को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह है नए कानूनों को जानने काफी संख्या में व्यापारीगण प्रदर्शनी लाभ उठाते हुए न्याय व्यवस्था के लिए नए कानून कितने उपयोगी है उसे समझ पाए। जिले में पहली बार नए कानूनों की प्रदर्शनी लगा है जिसका समाज के सभी वर्ग लाभ ले रहे है।

# हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आए मृतक को 500 मीटर दूर कुएं में फेंका, आरोपी गिरफ्तार



**जंगली सूअर का शिकार करने के उद्देश्य से खेत में खेत में लगाया था जी. आई. तार आरोपियों ने अपना अपराध छुपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को कुएं में फेंका था। प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।**

पिलखा भूमि.सरगुजा

थाना दरिमा के मार्ग 107 धारा 194 बीएस मृतक हरेंद्र सिंह पिता बुद्धदेव उम्र 27 वर्ष निवासी कुम्हर्ता की मृत्यु आरोपी द्वारा जंगली सूअर का शिकार करने के उद्देश्य से खेत में लगाए गए नंगा जी आई तार के चपेट में आने से हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा में अपराध क्रमांक 197–2025 धारा 105, 238, 3(5) बी. एन. एस. एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी 1. बुधवार सिंह पिता जयमंगल सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी कुमहर्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि अपने अन्य साथी बलराम सिंह एवं मदन सिंह के सहयोग से मृतक हरेंद्र सिंह की करंट से मृत्यु हो जाने पर उसके शव को अपने खेत से करीब दूर 500 मीटर दूर कुआं में फेंक दिया है। आरोपी की निशानदेही पर प्रकरण के अन्य आरोपी 2. मदन सिंह पिता बसंत साय उम्र 50 वर्ष निवासी कुमहर्ता 3. बलराम सिंह पिता देवन सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी कुमहर्ता थाना दरिमा जिला सरगुजा को दिनांक 01.12.2025 को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया एवं बताया कि खेत में धान की फसल को सुरक्षित करने एवं जंगली सूअर मारकर खाने के उद्देश्य से की जी आई तार लगाकर 11000 वोल्ट के खंभे से हुकिंग कर जोड़ दिया था जो दिनांक 23–11–2025 रात्रि 8रू30 बजे खेत में हलचल होने पर जाकर देखा तो गांव का हरेंद्र सिंह मृत पड़ा था जिसके शव को छिपाने एवं की नीयत से बलराम सिंह और मदन को बुलाकर उनके सहयोग से खेत से करीब दूर 500 मीटर दूर कुआं में फेंक दिया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना दरिमा से सउनि नोहरसाय मिंज, आरक्षक मनोहर पैकरा, बंदे केरकेट्टा, टिकेश्वर सिंह, नमिश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 205 बोरी अवैध धान सहित 03 पिकअप वाहन जब्त



पिलखा भूमि.संवाददाता– समृद्ध मंडल

रामानुजगंज 25 नवम्बर 2025 शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए धान खरीदी शुरू हो चुकी है। इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा उत्तरप्रदेश से आ रहे 03 पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रामचन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम झारा एवं डूम. रपान तथा धौली में उत्तरप्रदेश से अवैध धान परिवहन करते हुए तीन पिकअप वाहन–यूपी 64 सीटी 3607, यूपी 64 सीटी 3065 एवं एक सोल्ड पिकअप वाहन जिसमें क्रमशः 70, 70 व 65 बोरी अवैध धान लोड था। तीनों वाहन चालकों के द्वारा धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन जब्त कर सबंधित थाना में सुपुर्द किया गया है। ज्ञातव्य है कि जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

# आम जनता के साथ पुलिस संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करें - राज्यपाल श्री डेका

**भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों ने की भेंट**



पिलखा भूमि.रायपुर

01 दिसम्बर 2025 राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि पुलिस को आमजनता से मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करना चाहिए। पुलिस की छवि, थाने में शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से किए गए व्यवहार से बनती है। पुलिस अधिकारियों को थाने में आए पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर होना चाहिए। राज्यपाल डेका ने आज राजभवन में भेंट करने आए भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों से उक्त बातें कही।

भेंट के दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंद्रखुरी रायपुर के निदेशक अजय कुमार यादव, अकादमी के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शुक्ला भी उपस्थित थे। परीवीक्षाधीन आइपीएस अधिकारियों आदित्य कुमार, सुश्री अंशिका जैन, बनसोडे प्रतीक दादासाहेब और सुश्री साकोरे मानसी नानाभाऊ ने राज्यपाल से भेंट की।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत नगरीय क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन 02 दिसम्बर से




पिलखा भूमि. उत्तर बस्तर कांकेर

01 दिसम्बर 2025 प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए आम लोगों को जागरूक करने हेतु जिले के सभी नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार 02 दिसम्बर मंगलवार को न्यु कम्युनिटी हॉल साम. ुदायिक भवन कांकेर में, 03 दिसम्बर बुधवार को सामुदायिक भवन नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में, 04 दिसम्बर गुरूवार को नगर पंचायत भवन अंतागढ़ और चारामा में तथा 05 दिसम्बर शुक्रवार को नगर पंचायत भवन पखांजूर एवं नरहरपुर में शि. विर आयोजित किए जाएंगें। उक्त शिविर में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं पंजीकृत वेंडर उपस्थित रहेंगे, उनके द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर अंतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं का पंजीयन मौके पर किया जाएगा, साथ ही इस योजना का प्रचार–प्रसार भी किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक - मनीष वैद्य
मो. नं - 9165046978.7583080630 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) समस्त समाचार के विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र सरगुजा मान्य होगा।